

BSES

**BSES Yamuna Power Limited**

Regd Office: Shakti Kiran Building, Karkardooma, Opp Karkardooma Court, Delhi-110032

दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्‌यम

# नागरिक अधिकारपत्र

# दृष्टि

दुनिया की सबसे प्रशंसित और सर्वाधिक विश्वसनीय, आपस में मजबूती के साथ जुड़ी हुई यानी इंटिग्रेटेड जनसेवा/युटिलिटी कंपनियों में शामिल होना।

सभी ग्राहकों को प्रतियोगितात्मक कीमतों पर, अंतरराष्ट्रीय मानक वाले कस्टमर केयर के साथ विश्वसनीय और गुणवत्तायुक्त उत्पाद व सेवाएं उपलब्ध कराना, ताकि सभी शेयरधारकों के लिए बेहतर मूल्यों यानी वैल्यूज का निर्माण किया जा सके।

इन बिंदुओं पर नए कीर्तिमान स्थापित करना: परिचालन व वित्तीय महारत, जिम्मेदारीयुक्त नागरिकता और लाभदायक विकास के साथ कॉरपोरेट परफॉर्मेंस और गवर्नेंस के मानक तय करना।

# लक्ष्य

- वैश्विक स्तर पर चल रही सर्वोत्तम कार्यप्रणाली को अपनाना और विश्वस्तरीय युटिलिटी बनना।
- उपलब्ध कराना: अपने ग्राहकों को निर्बाध, कम कीमतों पर, गुणवत्तायुक्त, विश्वसनीय, सुरक्षित और स्वच्छ बिजली।
- महारत हासिल करना: सेवा, गुणवत्ता, विश्वसनीयता, सुरक्षा और कस्टमर केयर।
- पाना: उपभोक्ताओं और शेयरधारकों की उम्मीदों व आकांक्षाओं को बढ़ाकर उनका विश्वास व भरोसा पाना और कंपनी को एक प्रतिष्ठित घरेलू नाम बनाना।
- कार्य करना: उपभोक्ताओं की संतुष्टि का लक्ष्य लेकर, पूरी ऊर्जा, समर्पण और आगे की सोच के साथ काम करना।
- निरंतर हासिल करना: उच्च विकास, उच्चतम स्तर की उत्पादकता के साथ।
- बनना: तकनीक आधारित, प्रभावी, और वित्तीय रूप से मजबूत संस्थान।
- जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक बनना, जो मानवीय मूल्यों का विकास करे, और समाज, पर्यावरण और सबसे बड़ी बात कि लोगों के बारे में जिसे चिंता हो।
- योगदान देना: सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण में।
- ऐसी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना, जो सुनिश्चित करे: व्यक्ति का विकास, टीम भावना और रचनात्मकता, ताकि चुनौतियों का सामना करके लक्ष्य को हासिल किया जा सके।
- प्रोत्साहित करना: विचार, टैलेंट और वैल्यू सिस्टम।
- गाइडिंग सिद्धांत बनाए रखना: सभी तरह की बातचीत, संपर्क, संबंध व लेनदेन में विश्वास, ईमानदारी, पारदर्शिता।

**बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड**
रेजिस्टर्ड ऑफिस: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032
(फोन) 011 399 99 808, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com, CIN: U74899DL2001PLC111525


# विषय–सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रोफाइल | 1 |
| 2 | इस तरह आपके घर तक पहुंचती है बिजली | 2 |
| 3 | उपभोक्ता के अधिकार व कर्तव्य | 4 |
| 4 | शुल्क | 5 |
| 5 | दरों की श्रेणी / लोड में बदलाव | 6 |
| 6 | अपना सीए नंबर बताएं, समाधान पाएं | 7 |
| 7 | एसएमएस कर सेवाओं का लाभ उठाएं | 7 |
| 8 | अपने मीटर को जानें | 9 |
| 9 | बिजली कैलकुलेटर | 10 |
| 10 | ईएलसीबी लगवाएं, सुरक्षित रहें | 11 |
| 11 | सावधान | 11 |
| 12 | सुरक्षा अलर्ट | 12 |
| 13 | फर्ज़ी लोगों से सावधान | 13 |
| 14 | सेफ्टी के लिए आई कार्ड्स | 13 |
| 15 | साफ अक्षरों में लिखे गए चेक का महत्व | 13 |
| 16 | डोर स्टेप सर्विस | 14 |
| 17 | नया कनेक्शन | 15 |
| 18 | डीईआरसी द्वारा निर्धारित समय–सीमा | 16 |
| 19 | बीवाईपीएल बिल भुगतान काउंटर्स | 20 |
| 20 | बीवाईपीएल कस्टमर केयर केन्द्र | 22 |
| 21 | बीवाईपीएल ऑपरेशन व मेंटेनेंस ऑफिस | 23 |
| 22 | बीवाईपीएल व्यावसायिक ऑफिस | 24 |
| 23 | बिजली चोरी रोको | 25 |
| 24 | उपभोक्ता शिकायत प्रबंध | 26 |

**BSES**

**BSES Yamuna Power Limited**

# डायल करें 399–99–808 और बटन दबाएं...




le; cpk,] bZa/ku cpk,] iSls cpk,%
ykWxvkWu djsa www.bsesdelhi.com

# बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड – प्रोफाइल

नागरिक अधिकारपत्र आपके हाथों में सौंपते हुए हमें हार्दिक खुशी हो रही है। यह पूर्वी और मध्य दिल्ली में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के परिचालन पर केंद्रित एक छोटी रेफरेंस गाइड है।

## बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के इलाके

परिचालन वाले इलाके




बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड यानी बीवाईपीएल, दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम है, जो सन् 2002 से मध्य और पूर्वी दिल्ली के 200 वर्ग किलोमीटर के भौगोलिक इलाके में बिजली वितरण कर रही है। कंपनी वर्तमान में 13.98 लाख ग्राहकों को बिजली की आपूर्ति कर रही है। आबादी के हिसाब से देखें, तो बीवाईपीएल करीब 55 लाख लोगों अपनी सेवाएं दे रही है। बीवाईपीएल एक आईएसओ 14001:2004 और ओएचएसएएस 18001:2007 प्रमाणपत्र प्राप्त कंपनी है।

### उपभोक्ता प्रोफाइल

| | बीवाईपीएल |
|---|---|
| घरेलू उपभोक्ता | 1,031,436 |
| अ–घरेलू उपभोक्ता | 341,387 |
| औद्योगिक उपभोक्ता | 8,232 |
| कृषि | 49 |
| अन्य | 16,743 |
| कुल | 1,397,847* |

*2.1 ए रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मार्च तक का ग्राहक आधार

# इस तरह आपके घर तक पहुंचती है बिजली

जुलाई 2002 में पूर्ववर्ती दिल्ली इलेक्ट्रिक सप्लाई अंडरटेकिंग –डेसू– का बंटवारा हुआ, या तकनीकी शब्दों में कहें तो उसकी अनबंडलिंग हुई। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया : जेनको– बिजली उत्पादक कंपनी, ट्रांसको– बिजली पारेषण कंपनी और डिस्कॉम्स –बिजली वितरण कंपनियां।

बिजली व्यवसाय के सिर्फ वितरण हिस्से का ही निजीकरण किया गया। बिजली उत्पादन और पारेषण का काम सरकार द्वारा नियंत्रित संस्थाओं जेनको और ट्रांसको के हाथों में ही रहा। वितरण के उद्देश्य से दिल्ली को तीन हिस्सों में बांटा गया। इन तीनों में से दो हिस्से बीएसईएस के हाथ में आए। और इस तरह, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड अस्तित्व में आई।

ध्यान देने वाली बात यह है कि बीएसईएस बेशक आपके घरों तक बिजली पहुंचाती है, लेकिन यह बिजली के उत्पादन (जेनको) और ट्रांसमिशन (ट्रांसको) के लिए जिम्मेदार नहीं है।

देश भर में फैले पावर प्लांटों समेत विभिन्न स्रोतों से बिजली की व्यवस्था कर, बीवाईपीएल उसे आप तक पहुंचाती है।


क. जेनको बिजली का उत्पादन करती है और ट्रांसको को भेजने से पहले उसे 33/66 केवी तथा उसके बाद 220 केवी में तब्दील करती है।

ख. ट्रांसको 220 केवी पर बिजली हासिल करती है और बिजली कंपनियों को भेजने से पहले उसे नीचे के स्तर यानी 66/33 केवी पर लाती है।

ग. वितरण कंपनियों –बीएसईएस– 66/33 केवी पर बिजली हासिल करती है और वितरण ट्रांसफॉर्मरों तक भेजने से पहले उसे 11 केवी के स्तर पर लाती है।


घ. आखिर में, बीएसईएस के हजारों ट्रांसफॉर्मर इस बिजली को 0.4 केवी के स्तर पर लाकर, उसे आपके घरों तक बिजली पहुंचाते हैं।

## बिजली की कीमत के विभिन्न पहलू



- बिजली खरीद पर आने वाली लागत (80%)
- ऑपरेशन व मेंटेनेंस पर होने वाला खर्च (9% – 10%)
- मूल्य ह्रास पर (3 % – 4 %)
- पूंजी पर रिर्टन (6 % – 7 %)
- आयकर पर (0.5 % – 1 % )

*स्रोतः हिन्दुस्तान टाइम्स में 10 अप्रैल को छपा डीईआरसी विज्ञापन*



# उपभोक्ता के अधिकार व कर्तव्य


कोई भी व्यक्ति जो अपने इस्तेमाल के लिए वस्तुएं या सेवाएं खरीदता है, वह उपभोक्ता है। आपूर्तिकर्ता की अनुमति से वस्तुओं व सेवाओं का उपयोग करने वाले लोग भी उपभोक्ता हैं।

जिस व्यक्ति ने बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वह आवेदक है। कनेक्शन देने के लिए टेक्निकल फिजिबिलिटी का परीक्षण किया जाएगा। अगर यह फिजिबल पाया गया, यानी कनेक्शन देने के अनुकूल पाया गया, केवल तभी कनेक्शन दिया जाएगा। कनेक्शन सैंक्शन होने, अग्रीमेंट यानी समझौते पर हस्ताक्षर करने और बिजली का मीटर लगने के बाद, आवेदक बोनाफाइड उपभोक्ता हो जाएगा।

बिजली की चोरी करने वाला उपभोक्ता नहीं है। लाखों बिजली उपभोक्ताओं से बात करने और उनकी फीडबैक लेने के बाद, हमने बिलिंग और मीटरिंग से जुड़ी कुछ आम शिकायतों को चिहि्नत किया है, जो सामान्य तौर पर हमारे ऑफिसों में हमें मिलती हैं। हमने इनसे डील करने के लिए कंज्यूमर फ्रेंडली प्रक्रिया अपनाई है (दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस, 2007, चैप्टर – 8) देखें। आम मीटरिंग व बिलिंग से जुड़ी, दर्शाई गई किसी भी शिकायत के लिए, संबंधित श्रेणी के तहत, निर्धारित स्टेप्स का पालन करें, आपकी समस्याओं का समाधान डिविजन स्तर पर ही हो जाएगा।

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के पास बिजली गुल संबंधी समस्या के समाधान के लिए केंद्रीकृत कॉल सेंटर की सुविधा भी है। चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाले हेल्पलाइन का नंबर है: 91– 11–399 99 808।

# ताजा अपडेट के लिए सिनर्जी पढ़ें



# शुल्क

**नया कनेक्शन**

दरों की श्रेणी और तय लोड पर यह निर्भर करेगा कि भुगतान कितना करना है

क. अग्रिम खपत जमा/सिक्यॉरिटी डिपॉजिट इस पर निर्भर करेगा कि आपका तय लोड और दरों की श्रेणी क्या है। विवरण के लिए नीचे का बॉक्स देंखें

| क्रमांक | श्रेणी | रकम (रूपये प्रति किलोवॉट) |
|---|---|---|
| 1. | घरेलू | 600.00 |
| 2. | अ–घरेलू | 1500.00 |
| 3. | औद्योगिक | 1500.00 |
| 4. | कृषि | 300.00 |
| 5. | स्ट्रीट लाइट | 1500.00 |
| 6. | रेलवे, डीएमआरसी | 1500.00 |
| 7. | मशरूम की खेती | 600.00 |
| 8. | अस्थायी कनेक्शन | |
| | • तीन दिन तक के लिए | 300.00 |
| | • सात दिन और उससे आगे सात दिन के ब्लॉक्स में | 500.00 प्रति सात दिन या आगे |
| | • अनियमित उपयोग/ निर्माण कार्य के लिए | उसी हिसाब से संबंधित श्रेणी में डेढ गुणा |

*स्रोतः टेबल 3, दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2007*

ख. यदि इलाका/ कॉलोनी विद्युतीकृत है, तो सर्विस लाइन और डेवलेपमेंट (एसएलडी) चार्जेस का सभी उपभोक्ताओं को भुगतान करना होगा, चाहे वह इलाका विद्युतीकृत है या नहीं। एसएलडी चार्जेस किस तरह से हैं, विवरण के लिए नीचे का बॉक्स देखें

| क्रमांक | तय लोड | रकम (रूपये) |
|---|---|---|
| 1 | 5 किलोवॉट तक | 3000.00 |
| 2 | 5 किलोवॉट से अधिक, 10 किलोवॉट तक | 7000.00 |
| 3 | 10 किलोवॉट से अधिक, 20 किलोवॉट तक | 11000.00 |
| 4 | 20 किलोवॉट से अधिक, 50 किलोवॉट तक | 16000.00 |
| 5 | 50 किलोवॉट से अधिक, 100 किलोवॉट तक | 31000.00 |
| 6 | 100 किलोवॉट से अधिक –11 केवी पर | एचटी केबल्स/लाइन्स/स्विचगियर की 50 प्रतिशत लागत |

*स्रोतः टेबल 4, दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2007*

# दरों की श्रेणी/ लोड में बदलाव

क. अग्रिम खपत जमा/ सिक्यॉरिटी डिपॉजिट, फाइनल और वास्तविक दरों की श्रेणी पर निर्भर करेगा– लोड/ दरों की श्रेणी में बदलाव होने के बाद यह लागू होगा। विवरण के लिए नीचे का बॉक्स देखें:

| क्रमांक | श्रेणी | रकम (रूपये प्रति किलोवॉट) |
|---|---|---|
| 1. | घरेलू | 600.00 |
| 2. | अ–घरेलू | 1500.00 |
| 3. | औद्योगिक | 1500.00 |
| 4. | कृषि | 300.00 |
| 5. | स्ट्रीट लाइट | 1500.00 |
| 6. | रेलवे, डीएमआरसी | 1500.00 |
| 7. | मशरूम की खेती | 600.00 |

*स्रोत: टेबल 3, दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2007*

दरों की श्रेणी में बदलाव के मामले में, यदि उपभोक्ता द्वारा सिक्यॉरिटी डिपॉजिट की वास्तविक रसीद पेश की जाए, तो बीवाईपीएल द्वारा जरूरी जांच के बाद, जितनी रकम का अंतर होगा, उपभोक्ता को सिर्फ उतनी ही रकम का भुगतान करना होगा।

लोड में बदलाव के मामले में, उपभोक्ता द्वारा लोड में जितनी बढ़ोतरी करवाई जा रही है, उतने पर ही सिक्यॉरिटी का भुगतान करना होगा

ख. यदि सर्विस लाइन को बदलने की जरूरत है, तो सर्विस लाइन – कम – डेवलपमेंट चार्जेस का भुगतान करना होगा। नीचे के टेबल में दिखाए गए फाइनल लोड के आधार पर बदलाव निर्भर करेगा:

| क्रमांक | तय लोड | रकम (रूपये) |
|---|---|---|
| 1 | 5 किलोवॉट तक | 3000 |
| 2 | 5 किलोवॉट से अधिक, 10 किलोवॉट तक | 7000 |
| 3 | 10 किलोवॉट से अधिक, 20 किलोवॉट तक | 11000 |
| 4 | 20 किलोवॉट से अधिक, 50 किलोवॉट तक | 16000 |
| 5 | 50 किलोवॉट से अधिक, 100 किलोवॉट तक | 31000 |
| 6 | 100 किलोवॉट से अधिक – 11 केवी पर | एचटी केबल्स/लाइन्स/स्विचगियर की 50 प्रतिशत लागत |

*स्रोत: टेबल 3, दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2007*

# बिल नहीं मिला या बिजली नहीं है?
# अपना सीए नंबर बताएं, समाधान पाएं

**बिजली नहीं है, तो यूं बताएं**

स्टेप 1–डायल करें 399 99 808

स्टेप 2–अपनी भाषा चुनें–हिंदी/ अंग्रेजी

स्टेप 3–बिजली गुल के बारे में बताने के लिए 1 दबाएं

स्टेप 4–अपना सीए/सीआरएन नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं

स्टेप 5–आपको क्वेरी नंबर बताकर, उसे सिस्टम में रजिस्टर किया जाएगा

**डुप्लिकेट बिल के लिए ऐसे करें अनुरोध**

स्टेप 1–डायल करें 399 99 808

स्टेप 2–अपनी भाषा चुनें–हिंदी/ अंग्रेजी

स्टेप 3–डुप्लिकेट बिल के अनुरोध के लिए 7 दबाएं

स्टेप 4–अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर एंटर करने के लिए 2 दबाएं

स्टेप 5–आपको क्वेरी नंबर बताकर, उसे सिस्टम में रजिस्टर किया जाएगा

## 5–61–61–08 पर एसएमएस कर सेवाओं का लाभ उठाएं

| सेवाएं | एसएमएस कोड |
|---|---|
| नये कनेक्शन | BSESYP लिखें, स्पेस दें, NCX टाइप करें और भेज दें |
| अस्थायी कनेक्शन | BSESYP लिखें, स्पेस दें, TCX लिखें और भेज दें |
| पते में बदलाव | BSESYP लिखें, स्पेस दें, ACH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| लोड चेंज | BSESYP लिखें, स्पेस दें, LCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| नाम बदलवाना | BSESYP लिखें, स्पेस दें, NCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| श्रेणी में बदलाव | BSESYP लिखें, स्पेस दें, CCH लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| बिल डिटेल | BSESYP लिखें, स्पेस दें, BILL लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| बिजली गुल | BSESYP लिखें, स्पेस दें, NC लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| वॉल्टेज में उतार–चढ़ाव | BSESYP लिखें, स्पेस दें, VF लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |
| मीटर की वजह से बिजली गुल | BSESYP लिखें, स्पेस दें, MB लिखें, स्पेस दें, अपने नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और भेज दें |

# WIN Attractive Prizes in Lucky Draw!

| | |
|---|---|
| Participate in BYPL KYC* campaign | बीवाईपीएल की केवाईसी* मुहिम में हिस्सा लें |
| Sms or email your | एसएमएस या ईमेल करें |
| CA number, | अपना सीए नंबर, |
| email ID & | ईमेल आईडी और |
| mobile number to | मोबाइल नंबर |

BYPL.Customercare@relianceada.com







8010935803 - East Delhi (पूर्वी दिल्ली) consumers

8010935804 - Central Delhi (मध्य दिल्ली) consumers

WIN PRIZES

जीतें आकर्षक इनाम

*KYC (Know Your Customer)





## लकी ड्रॉ में जीतें आकर्षक इनाम!

# अपने मीटर को जानें

**बीएसईएस के स्टैटिक मीटर हैं आईएसआई मार्क्ड**




सिंगल फेज मीटर में यदि ईएल एलईडी इंडिकेटर चमक रहा है, तो हो सकता है आपके घर की आंतरिक तारें एक–दूसरे से मिक्स हो रही हों। इस समस्या के समाधान के लिए अपने इलाके के, इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें।

**दिल्ली में एनएबीएल से मान्यताप्राप्त मीटर जांच लैब**

1. **बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) लैबोरेटरी**, लोकल शॉपिंग सेंटर के निकट, मेन मार्केट, सविता विहार, दिल्ली
2. **बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) लैबोरेटरी,** सब स्टेशन 15, सेक्टर 7, पुष्प विहार, मॉडर्न पार्क के निकट, नई दिल्ली – 110017
3. **इलेक्ट्रॉनिक रीजनल टेस्ट लैब**, ब्लॉक एस, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 2, नई दिल्ली – 110020
4. **नैशनल फिजिकल लैब दिल्ली**, डॉ केएस कृष्णन मार्ग, राजिंदर पैलेस, नई दिल्ली – 110012

बिजली मीटरों के मान्यताप्राप्त वेंडरों की लिस्ट के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या फिर बीवाईपीएल कस्टमर केयर ऑफिसरों से संपर्क करें।






# बिजली कैलकुलेटर

यहां हम एक बॉक्स दे रहे हैं, जिसकी सहायता से आप खुद ही पता लगा सकते हैं कि आपके यहां बिजली की कितनी खपत हो रही है:

| | उपकरण* | लोड (वॉट्स) (क) | उपकरणों की संख्या (ख) | खपत (घंटे/दिन)(ग) | यूनिट्स/महीने कxखxगx30/1000 |
|---|---|---|---|---|---|
|  | रेफ्रिजरेटर (छोटा) | 225 | 1 | 10 | 68 |
|  | विंडो एयर कंडीशनर (1.5 टन)<br>रूम हीटर (ब्लोअर टाइप) | 1800 | 1 | 5 | 270 |
|  | कूलर (मध्यम आकार) | 170 | 1 | 8 | 41 |
|  | टेबल फैन / सीलिंग फैन | 80 | 3 | 12 | 86 |
|  | एग्जॉस्ट फैन | 150 | 1 | 2 | 9 |
|  | परंपरिक बल्ब | 100 | 2 | 2 | 12 |
|  | सीयू चोक वाली ट्यूब लाइट | 55 | 4 | 7 | 46 |
|  | वॉशिंग मशीन | 500 | 1 | 1 | 15 |
|  | कलर टेलीविजन | 120 | 1 | 6 | 22 |
|  | मोटर पंप (1 एचपी) | 740 | 1 | 1 | 22 |
|  | गीजर (स्टोरेज) | 2000 | 1 | 2 | 120 |
|  | कंप्यूटर | 150 | 1 | 2 | 9 |
| | | | | | 720 |

क (वॉटेज) xख–उपकरण xग– खपत, घंटा/दिन x30 दिन और फिर इसे वॉट से किलोवॉट में बदलने के लिए 1000 से डिवाइड करें।

- लिस्ट व आंकड़े सिर्फ संकेत हैं। अपने उपकरणों को देखें और वास्तविक वॉटेज को चेक करें।
- ऑनलाइन एनर्जी कैलकुलेटर देखना हो, तो www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें।

# ईएलसीबी लगवाएं, सुरक्षित रहें

बिजली से चलने वाले जिन उपकरणों का आप रोज इस्तेमाल करते हैं, वे काफी खतरनाक भी हो सकते हैं। अर्थ लीकेज उन्हें इलेक्ट्रिक शॉक देने, गंभीर रूप से घायल करने और कभी कभी मौत के सामान में भी तब्दील कर सकता है। लेकिन ईएलसीबी आपको इन दुर्घटनाओं से बचा सकती है। दरअसल, ईएलसीबी एक ऐसा उपकरण है जो उपभोक्ताओं को बिजली के झटकों और अर्थ लीकेज आदि की परेशानियों से बचाता है। यदि उपभोक्ता के यहां अर्थ लीकेज हो रहा है, या बिजली से चलने वाले किसी उपकरण को छूने पर झटके लग रहे हैं, तो ईएलसीबी उपभोक्ता के घर का करंट या संबंधित उपकरण का करंट अपने आप डिसकनेक्ट कर देगी, और बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाएगी। बिजली की बेवजह बर्बादी भी रोकेगी यह।

भारतीय बिजली नियम, 1956 की धारा 61 ए के तहत, 5 किलोवॉट से ऊपर के उपभोक्ताओं के लिए ईएलसीबी के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। डीईआरसी ने बिजली कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने उपभोक्ताओं के लिए ईएलसीबी (अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर) के उपयोग को आवश्यक बनाएं और, नया कनेक्शन देने से पहले सुनिश्चित कर लें कि यह उपकरण उपभोक्ता के यहां लग चुका है।

डीईआरसी के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बीवाईपीएल पूर्वी और मध्य दिल्ली के वर्तमान उपभोक्ताओं को यह उपकरण लगवाने के लिए एक समय–सीमा निर्धारित करेगी।

# सावधान

क्या आप कोई प्रॉपर्टी खरीद/बेच रहे हैं ???

क्या आप किराये का कोई घर ले/छोड़ रहे हैं (सरकारी क्वॉटर्स/फ्लैट, बंगले सहित) ???

यदि हां, तो कृपया बीवाईपीएल से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लेना न भूलें, ताकि भविष्य में बकाये से संबंधित कोई समस्या खड़ी न हो।

पिछला बिल भुगतान इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता है कि वहां कोई बकाया नहीं है। इस तरह के बकाये भी हो सकते हैं:

- एन्फोर्समेंट
- मीटर दोषपूर्ण होने की अवधि का मूल्यांकन (दोषपूर्ण मीटर की जगह सही मीटर लगाने के छह माह बाद ही मूल्यांकन किया जाता है)
- अस्थायी बिल बनाम वास्तविक बिल का एडजस्टमेंट
- विवाद के मामले में बकाया
- किश्तों से संबंधित बकाया
- निर्माण/पुनर्निर्माण/सामाजिक कार्यक्रम आदि के मामले में लिए गए अस्थायी कनेक्शन से संबद्ध बकाया
- मालिकाना हक बदलने के वक्त छेड़छाड़, जले हुए या दोषपूर्ण मीटर की कीमत

# सुरक्षा अलर्ट: अपने मकानों और बिजली के तारों/ खंभों आदि के बीच आवश्यक दूरी रखें



**जनहित में जारी**

**मकानमालिकों / दुकानदारों / निवासियों व आम लोग कृपया ध्यान दें**

अधिकृत बिजली मेन्स या बिजली की अन्य चीजों ( जैसे–खंभे, ट्रांसफॉर्मर, आदि) के निर्माण के दौरान या उसके बाद जिन मकानों, ढांचों, प्रॉजेक्शंस, बालकनियों या चारदीवारियों आदि को बढ़ाया गया है, वे भारतीय बिजली नियम – 1956 के नियम 79 व 80 की धाराओं तथा बिजली कानून – 2003 (धारा 53 व 68 (5) धारा 161 के साथ पढ़ा जाए) के मानकों के हिसाब से अवश्य होने चाहिए।



भारतीय बिजली नियम 1956 के नियम 79 व 80 के अनुसार, दुर्घटनाओं या जानलेवा दुर्घटनाओं के बचने के लिए यह जरूरी है कि बिजली के मेन्स या बिजली की अन्य चीजों से, ऊपरी या समतल स्तर पर निम्नलिखित न्यूनतम दूरी अवश्य रखी जाए।

| क्रम संख्या | लाइन/अन्य चीजें | न्यूनतम उचित दूरी जहां लाइन किसी बिल्डिंग/ढांचे/बालकनी आदि के ऊपर से गुजरती है | न्यूनतम समतल दूरी जहां लाइन किसी बिल्डिंग/ ढांचे/ बालकनी आदि के निकट से गुजरती है |
|---|---|---|---|
| 1 | कम से मध्यम वोल्टेज लाइन तथा 650 वोल्ट तक की सर्विस लाइन | उच्चतम पॉइंट से 2.5 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| 2 | उच्च वोल्टेज लाइन 11000 वोल्ट तक व सहित | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| 3 | उच्च वोल्टेज लाइन 11000 वोल्ट से अधिक तथा 33000 वोल्ट तक व सहित | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 2 मीटर |
| 4 | बहुत ज्यादा उच्च वोल्टेज लाइन 33000 वोल्ट से ऊपर | 3.7 मीटर (और 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33000 वोल्ट या उसके भाग पर) | 2 मीटर (और 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33000 वोल्ट या उसके भाग पर) |









मालिकों / निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे अनाधिकृत ढांचे, बिल्डिंग्स, प्रॉजेक्शंस, बालकनी, चारदीवारी आदि को तत्काल प्रभाव से हटा लें ...

**नोटः उपरोक्त भारतीय बिजली नियम 1956 के नियम 79 व 80 के उल्लंघनकर्ता किसी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष नुकसान (जीवन, संपत्ति आदि) के लिए व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार समझे जाएंगे और कानून के मुताबिक उन पर कार्रवाई होगी।**

अधिक जानकारी के लिए बीवाईपीएल ओएंडएम से संपर्क करें– 399–99–808

# फर्ज़ी लोगों से सावधान

ठगों से निजात पाने में हमारी मदद करें। बीवाईपीएल को पता चला है कि कुछ असामाजिक तत्व भोले–भाले और गैरजागरूक उपभोक्ताओं को बीवाईपीएल के नाम पर ठगी का शिकार बना रहे हैं। कुछ उपभोक्ता दलालों, बिचौलियों और ठगों के छूठे आश्वासनों में फंस चुके हैं।

**कृपया याद रखें:**

- आपके घर आया बीवाईपीएल का कोई भी स्टाफ या प्रतिनिधि, बीवाईपीएल की ओर से आपसे नकद में पैसे लेने के लिए अधिकृत नहीं है।
- सभी तरह के एन्फोर्समेंट फाइन, जुर्माने और अन्य व्यावसायिक भुगतान सिर्फ बीवाईपीएल के ऑफिसों में ही हो सकते हैं।
- आपसे अनुरोध है कि बीवाईपीएल के नाम पर अगर कोई व्यक्ति आपके यहां आए, तो सबसे पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। अगर कोई शक हो, तो बीएसईएस विजिलेंस टीम को बताएं या 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचित करें।

# सेफ्टी के लिए आई कार्ड्स

उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। उसका आइडेंटिटी कार्ड यानी पहचान पत्र मांगें। सही और वैध पहचान पत्र में ये होने चाहिए:

• बीएसईएस लोगो • होलोग्राम, जारी होने की तारीख • वैधता (वैलिडिटी) • कर्मचारी की तस्वीर • अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर, • कर्मचारी के हस्ताक्षर • कर्मचारी संख्या/पहचान पत्र संख्या • ठेकेदार का नाम/ लोगो/ पता, और लेमिनेशन।

# साफ अक्षरों में लिखे गए चेक का महत्व

चेक, डिमांड ड्राफ्ट आदि पर साफ अक्षरों में लिखा जाए, तो ट्रांजैक्शन तेज, आसान और सुरक्षित हो जाता है।

**बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के पक्ष में चेक/ डीडी लिखते समय इन बातों को ध्यान रखें: बिल भुगतान/ नया कनेक्शन/ अन्य डिपॉजिट वर्क्स के लिए**

✓ हमेशा बीवाईपीएल के साथ–साथ अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर भी लिखें

X चेक पर सिर्फ बीवाईपीएल न लिखें

# डोर स्टेप सर्विस

## घर बैठे, सेवाओं का लाभ उठाएं

इसके तहत, आप घर बैठे एक नहीं, कई सुविधाओं व सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। बस हमसे संपर्क करें और उसके बाद हमारी टीम आपकी सहायता में जुट जाएगी।

### डीएसएस के तहत कौन–कौन सी सेवाएं उपलब्ध है?

आप कई तरह की सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं, जैसे–श्रेणी/दर/नाम में बदलाव, नया कनेक्शन, लोड बढ़ाना/ घटाना, पते में बदलाव करवाना आदि।

### कैसे आवेदन करें?

399–99–808 डायल करें, बटन नंबर 4 दबाएं और डीएसएस के लिए आवेदन करें। या फिर, www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन कर, कस्टमर सपोर्ट वाले सेक्शन में जाएं।

### आवेदन करने के बाद क्या होगा?

बीवाईपीएल का एक प्रतिनिधि, दोनों ओर से तय किए गए समय पर आपके घर आएगा और जरूरी कागजात व औपचारिकताओं

को पूरा करने में आपका सहयोग करेगा।

### अगर और अधिक सहायता की जरूरत हो, तो क्या करें?

अगर और अधिक सहायता चाहिए, तो कृपया 399–99–808 पर कॉल करें या फिर bypl.customercare@relianceada.com पर ई–मेल करें।





कॉल करें 399–99–808
बटन नंबर
4 दबाएं



# नया कनेक्शन

आपको नया कनेक्शन लेना हो, लोड बढ़वाना/ घटाना हो, नाम बदलवाना हो, पते में बदलाव करवाना हो, कनेक्शन की श्रेणी या दरों में बदलाव करवाना हो, तो इन सबके लिए आपको बीएसईएस ऑफिस आने की जरूरत नहीं है। आपको आपके दरवाजे पर जाकर, ये सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

आपको बस बीवाईपीएल के आईवीआरएस आधारित कॉल सेंटर नंबर – 399–99–808 पर कॉल कर, डोर स्टेप सर्विस यानी डीएसएस के विकल्प को चुनना है। यदि आप धड़ल्ले से कंप्यूटर पर काम करते हैं, तो बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करके एक साधारण सा आवेदन–फॉर्म भर दें।

आपकी ओर से उपरोक्त सेवाओं के लिए अनुरोध मिलते ही, बीएसईएस का प्रतिनिधि दोनों ओर से तय किए गए समय पर आपके घर पहुंचेगा और जरूरी व्यावसायिक औपचारिकताओं, मसलन आवेदन पत्र, एफिडेविट, इंडेम्निटी बॉन्ड आदि को भरने में आपकी मदद करेगा और कनेक्शन के लिए आवश्यक कागजात तय समय के भीतर आपके यहां से इकट्ठा कर लेगा।

**कागजात**

नया कनेक्शन, लोड बढ़ोतरी और नाम में बदलाव आदि सेवाओं के लिए जिन कागजात की जरूरत होगी, वे निम्नलिखित हैं

| | |
|---|---|
| 1 | आवेदक का पासपोर्ट फोटोग्राफ |
| 2 | आंतरिक वायरिंग के लिए, निर्धारित फॉर्म में इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर का प्रमाणपत्र |
| 3 | जहां लागू हो, फायर फाइटिंग व लिफ्ट सेफ्टी प्रमाणपत्र |
| 4 | पते का प्रमाण– इनमें से कोई<br>क. चुनाव पहचानपत्र<br>ख. पासपोर्ट<br>ग. ड्राइविंग लाइसेंस<br>घ. राशन कार्ड<br>ड. किसी सरकारी एजेंसी द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र |
| 5 | मालिकाना हक/कब्जे से संबंधित प्रमाण– इनमें से कोई<br>क. जीपीए<br>ख. पजेशन लेटर<br>ग. मकान मालिक के मालिकाना हक के प्रमाण के साथ किराए की रसीद<br>घ. लीज अग्रीमेंट |
| 6. | मकान मालिक के मालिकाना हक से संबंधित प्रमाण के साथ उनका दिया अनापत्ति प्रमाणपत्र |
| 7. | अन्य कागजातः चुनिंदा उपभोक्ता श्रेणी के लिए लागू<br>क. औद्योगिक मान्य औद्योगिक लाइसेंस/यदि ग्रामीण इलाका हो तो लाल डोरा प्रमाणपत्र<br>ख. कृषि उपभोक्ता<br>• प्रखंड विकास अधिकारी से आवासीय प्रमाणपत्र<br>• विकास आयुक्त/ प्रखंड विकास अधिकारी से ट्यूबवेल के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र<br>ग. खोखा और अस्थायी ढांचे के लिए अ–घरेलू<br>• बाज़ारी रसीद संख्या<br>• दिल्ली नगर निगम/ डीडीए/ लैंड की मालिक एजेंसी से खोखा/ अस्थायी ढांचे के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र |

# दिल्ली (नागरिक को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने का अधिकार) कानून, 2011 समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने को प्रतिबद् है बीवाईपीएल

- बिजली के नए घरेलू कनेक्शन संबंधी, बीवाईपीएल की सेवाएं इस कानून के दायरे में हैं।
- इस कानून के तहत, बिजली के नए घरेलू कनेक्शन 35 दिनों के भीतर मुहैया कराए जाएंगे (डीईआरसी सप्लाई कोड, 2007 के मुताबिक, व्यावसायिक औपचारिकताएं पूरी होने पर निर्भर)।
- 10 किलोवॉट तक के सैंक्शंड लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली लोड बढ़ाने/ घटाने का काम, 35 दिनों के भीतर पूरा कर दिया जाएगा।
- 35 दिनों से अधिक की देरी पर जुर्माना (मांग आने पर) – तय समयसीमा के भीतर सेवाएं उपलब्ध कराने में असफल बीवाईपीएल कर्मचारी पर प्रतिदिन 10 रूपये के हिसाब से, जो कि प्रति मामले अधिकतम 200 रूपये होगा।
- जुर्माना निर्धारित करने वाली अथॉरिटी

  सक्षम ऑफिसर : हेड, मीटर मैनेजमेंट ग्रुप (एमएमजी)

  एपिलेट अथॉरिटी : असिस्टेंड वाइस प्रेजिडेंट व हेड, डोर स्टेप सर्विस (डीएसएस)
- बिजली के नए घरेलू कनेक्शन (हर दृष्टि से पूर्ण) के आवेदनों की ट्रैकिंग दिल्ली सरकार की वेबसाइट www.esla.delhi.gov.in और नजदीकी जीवन सेंटर पर कर सकते हैं
- किसी प्रकार की पूछताछ, स्पष्टीकरण और आवेदन की स्थिति की जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: 011–399–99–808

## विभिन्न सेवाओं के लिए डीईआरसी द्वारा निर्धारित समय–सीमा

| क्रमांक | व्यावसायिक / मीटर शिकायतें / अनुरोध | डीईआरसी समय सीमा (दिनों में) |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्राप्त होने के बाद नये कनेक्शन का डिमांड नोट | 7 |
| 2 | नया कनेक्शन – डिमांड नोट के भुगतान के बाद बिजली (विद्युतीकृत इलाका) | 12 |
| 3 | नया कनेक्शन – डिमांड नोट के भुगतान के बाद बिजली (गैर विद्युतीकृत इलाका) | 180 |
| 4 | अस्थायी कनेक्शन – भुगतान के बाद बिजली | 7 |
| 5 | लोड बढ़ोतरी – डिमांड नोट के भुगतान के बाद कार्रवाई | 12 |
| 6 | लोड घटाना – अगले बिलिंग साइकिल से प्रभावी | 10 |
| 7 | भुगतान के बाद मीटर की जांच | 15 |
| 8 | दोषपूर्ण मीटर – जैसे रूका हुआ, धीमा, तेज, शीशा टूटा हुआ – को बदलना | 30 |
| 9 | जले हुए मीटर को बदलना | 3 |
| 10 | फाइनल बिल (डिसकनेक्शन का अनुरोध) | 5 |
| 11 | भुगतान के बाद रीकनेक्शन – नॉर्मल / डॉरमैंट | 2 |
| 12 | सिक्युरिटी डिपॉजिट के बाद मीटर में बिजली देने में देरी | 15 |
| 13 | मीटर को दूसरी जगह शिफ्ट करना / दो मीटरों को एक करना | 15 |
| 14 | श्रेणी में बदलाव | 10 |
| 15 | मीटर की री–सीलिंग (नया) | – |

| क्रमांक | बिलिंग से संबंधित अनुरोध | डीईआरसी समय सीमा (दिनों में) |
|---|---|---|
| 1 | नाम में बदलाव | दो बिलिंग साइकिल |
| 2 | बिलिंग से जुड़ी शिकायतें | 15 |
| 3 | बिल न मिलना | 1 |
| 4 | फाइनल बिल (जगह खाली करना) | 23 |
| 5 | विशेष रीडिंग | 7 |
| 6 | सिक्यॉरिटी डिपॉजिट वापस | 60 |
| 7 | सिक्यॉरिटी डिपॉजिट को सही करवाना | – |
| 8 | नाम / पता सही करवाना | 60 |

# बीएसईएस का 'कूल आईडिया'

## सन कंट्रोल फिल्म्स

सूरज के रेडिएशन से अपने घर व ऑफिस को बचाएं और ए.सी. के खर्चे में 5–10 प्रतिशत की बचत करें।

## सफ़ेद टाइल्स व पेंट

इसे अपनी छत पर इस्तेमाल करें, ए.सी. के खर्चे में 20 प्रतिशत की कमी लाएं।

## उपकरणों को बंद करें

उपकरणों को स्टैंड बाय मोड पर न रखें। याद रखें: आपके उपकरण तो स्लीप मोड में होते हैं, लेकिन आपका बिजली मीटर जाग रहा होता है।

## खिड़कियों व दीवारों पर पौधे लगाएं

इससे ए.सी. चलाने के खर्चे में 40 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

## कंप्यूटर मॉनिटर

यह आधे से अधिक बिजली का उपयोग कर लेता है। अगर कंप्यूटर ऑन भी रखना हो, तो भी मॉनिटर को ऑफ कर दें। याद रखें: स्क्रीन सेवर बिजली की बचत नहीं करते।

## LED लाइट का प्रयोग करें

यह साधारण बल्ब की तुलना में 8 गुना और सी.एफ.एल. की तुलना में दुगनी ऊर्जा बचाती हैं।

BSES

**अपना कूल आईडिया हमें बताएं**
**और हम बतायेंगे**
**1 करोड़ से अधिक दिल्लीवासियों को**

My Cool Idea!

my delhi I Care | Bhagidari THE CITIZEN-GOVERNMENT PARTNERSHIP

www.bsesdelhi.com पर जाएं और 'My Cool Idea' पर क्लिक करके अपने विचार व्यक्त करें।

**बिजली बचाएं, पैसे बचाएं**

**BSES Yamuna Power Limited**

# जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक

## पर्यावरण मित्र

- बीवाईपीएल का 49वां और 50वां 66/11 केवी ग्रिड दिल्ली के पहले ग्रीन ग्रिड्स।
  - 32 मीटर/13.6 मीटर के दायरे में बने इनके कंट्रोल रूम्स में फ्लाई ऐश से बनीं ईंटों का इस्तेमाल किया गया।
- बीवाईपीएल मुख्यालय, कड़कड़डूमा और फील्ड ऑफिस, श्रेष्ठ विहार में 14000 वर्ग मीटर की छतों को व्हाइट रूफ बनाया गया, ताकि अरबन आइलैंड हीट इफेक्ट को कम किया जा सके और एसी का इस्तेमाल कम करना पड़े।
- बीवाईपीएल द्वारा खरीदी जाने वाली एकतिहाई से अधिक बिजली स्वच्छ बिजली है। 18 प्रतिशत बिजली हाइड्रो पावर प्लांटों से आती है, और 17 प्रतिशत बिजली गैस आधारित पावर प्लांटो से ली जाती है।
- विभिन्न अदालतों में लंबित पड़े मामलों के जल्द निपटारे के लिए, दिल्ली हाई कोर्ट लीगल
- सर्विसेज कमेटी के साथ मिलकर पेपरलेस लोक अदालतों का आयोजन।
- पेपरलेस पहल के तहत उपभोक्ताओं के लिए ई–बिल की सुविधा।
























- तेल आधारित ट्रांसफॉर्मरों को हटाकर, उनकी जगह मेंटेनेंस फ्री, पैकेज्ड रिंग मेन यूनिट्स यानी आरएमयू लगवाए।

- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा :

  - 10 स्थलों पर 1257 रूफटॉप सोलर पैनल्स के माध्यम से 345 किलोवॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन।

  - रीप– रिन्युएबल एनर्जी असिस्टेड पंप – दिल्ली में 150 से अधिक जगहों पर लगाए गए।

## दिल्ली की हरियाली में योगदान

- अपने ऑफिस–परिसरों में बीवाईपीएल ने 5000 पेड़ लगाए।

- बीवाईपीएल कर्मियों के बच्चों और विशिष्ट सहयोगियों के बीच वृक्षारोपण को बढ़ावा।

## जागरूकता मुहिम

- सुरक्षा और उर्जा संरक्षण पर अर्धसाप्ताहिक रेडियो कार्यक्रमों – **दिल्ली रहे रौशन और वॉट्स अप डेल्ही को स्पॉन्सर किया**

- जागरूकता फैलाने के लिए एनएसडी से जुड़ी नाटक मंडलियों द्वारा सुरक्षा और बिजली चोरी जैसे मसलों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का मंचन।

- वार्षिक अर्थ आवर कैंपेन के लिए वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के साथ समझौता, जिसके तहत, बीवाईपीएल ग्लोबल वॉर्मिंग के बारे में अपने 13.2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता फैलाती है। मार्च महीने के आखिरी भानिवार को अर्थ आवर सेलिब्रेट करने के लिए प्रोत्साहन। 2014 में बीवाईपीएल उपभोक्ताओं ने इस पहल के तहत 69 मेगावॉट बिजली बचाई, जबकि 2013 में 70 मेगावॉट, 2012 में 65 मेगावॉट, 2011 में 85 मेगावॉट और 2012 में 77 मेगावॉट बिजली बचाई।

- सीएफएल/ एलईडी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए ऊर्जा कुशल बिजली उपकरण बनाने वाली कंपनियों जैसे इंडो एशियन, फिनोलेक्स, ओसराम से समझौता। करीब 3 लाख सीएफएल बेचे गए, जिससे बीवाईपीएल इलाके में करीब 17 मेगावॉट बिजली की बचत हुई।

- बीएसईएस का ''माय कूल आयडिया'' मुहिम के तहत उपभोक्ताओं से बिजली बचत और ऊर्जा संरक्षण के बारे में सुझाव व सलाह मंगवाए जाते हैं, ताकि बिजली की बेतहाशा बढ़ती खपत पर कुछ अंकुश लगाया जा सके। अब तक 1700 से अधिक उपभोक्ता इस मुतहत में हिस्सा ले चुके हैं, जिन्हें बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com और इसके द्वैमासिक, द्विभाशी न्यूजलेटर सिनर्जी के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है।

## मदद के हाथ

- समाज के वंचित तबके लिए गर्म कपड़ा वितरण कार्यक्रम अर्पण का सालाना आयोजन।

- रेड क्रॉस, सरकारी अस्पतालों व रोटरी क्लब के साथ मिलकर रक्तदान कार्यक्रमों का आयोजन, साल में दो बार।

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हजारों फूड पैकेट्स का वितरण

- प्रधानमंत्री ओर मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान

## ऊर्जा संरक्षण के बारे में स्कूली बच्चों का संदेश

- ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम स्कूलों के एसयूपीडब्लू कुरिकुलम में शामिल

- बिजली बचत का संदेश फैलाने के लिए आस–पड़ोस में स्कूली छात्रों की रैली

- सेफ्टी पर आधारित भॉर्ट फिल्म जहीरा का सपना और ऊर्जा संरक्षण पर केंद्रित फिल्म खुराना घराना का निर्माण। एकॉर्ड यानी एशियन सेंटर फॉर ऑर्गनाइजेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ मिलकर ये फिल्में बनाई गईं। यूट्यूब पर इसे प्रमोट किया जा रहा है। साथ ही ईस्ट और सेंट्रल दिल्ली के 140 स्कूलों में ये फिल्में दिखाई गई हैं, ताकि छात्रों और शिक्षकों के बीच ऊर्जा संरक्षण का संदेश फैलाया जा सके।

## महिला सशक्तिकरण

- सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग से अब तक 500 से अधिक लड़कियां और महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। 2011 से बीवाईपीएल दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बीवाईपीएल की महिला सहयोगियों, स्कूली छात्राओं और महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कार्याक्रमों का आयोजन कर रही है।

# बीवाईपीएल बिल भुगतान काउंटर्स*

| क्रमांक | डिविजन | पता |
|---|---|---|
| 1 | चांदनी चौक | जोनल ऑफिस, 103 ए, मेवा होटल के नजदीक, टाउन हॉल, चांदनी चौक, दिल्ली–110007 |
| 2 | चांदनी चौक | जोनल ऑफिस, जोन नंबर–104, अनाज मंडी, लाहौरी गेट, दिल्ली–110006 |
| 3 | चांदनी चौक | सब–डिविजनल ऑफिस, हौज काजी, चावड़ी बाजार मेट्रो स्टशन के सामने, दिल्ली–10006 |
| 4 | चांदनी चौक | ओएंडएम ऑफिस, हेमिल्टन रोड, दिल्ली–110006 |
| 5 | दरिया गंज | जोनल ऑफिस, घटा मसजिद के निकट, अंसारी रोड, दरिया गंज, दिल्ली–110006 |
| 6 | दरिया गंज | सबस्टेशन बिल्डिंग, आसफ अली रोड, कमला मार्केट, दिल्ली–110006 |
| 7 | दरिया गंज | गांधी मार्केट, मिंटो रोड, दिल्ली–110002 |
| 8 | दरिया गंज | सहायता केंद्र, जामा मस्जिद के निकट, दिल्ली–110006 |
| 9 | दिलशाद गार्डन | 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन, जीटी रोड, हिंद पॉकेट बुक्स के निकट, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110095 |
| 10 | दिलशाद गार्डन | जोनल ऑफिस, न्यू जाफराबाद, दिल्ली–110032 |
| 11 | दिलशाद गार्डन | ई व एफ ब्लॉक सहायता केंद्र, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110005 |
| 12 | करावल नगर | भागीरथी ग्रिड, करावल नगर, दिल्ली–110094 |
| 13 | करावल नगर | सहायता केंद्र, मुखिया मार्केट, करावल नगर, दिल्ली–10094 |
| 14 | करावल नगर | सहायता केंद्र, सोनिया विहार, दिल्ली–110094 |
| 15 | करावल नगर | करावल नगर ग्रिड सबस्टेशन, करावल नगर, दिल्ली–110005 |
| 16 | कृष्णा नगर | एफ 15/2, कृष्णा नगर, दिल्ली–110051 |
| 17 | कृष्णा नगर | सबस्टेशन बिल्डिंग, गगन विहार, दिल्ली–110051 |
| 18 | कृष्णा नगर | सहायता केंद्र, कंचन अपार्टमेंट, गीता कॉलोनी, दिल्ली–110051 |
| 19 | कृष्णा नगर | सहायता केंद्र, ब्लॉक 8 ए, गीता कॉलोनी, दिल्ली–110031 |
| 20 | कृष्णा नगर | 66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, कांति नगर ग्रिड, सब्जी मंडी के निकट, दिल्ली–110051 |
| 21 | कृष्णा नगर | 66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, कैलाश नगर ग्रिड, मदर डेरी के निकट, दिल्ली–110031 |
| 22 | लक्ष्मी नगर | 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन बिल्डिंग, गुरू अंगद नगर, राधू पैलेस सिनेमा के निकट, दिल्ली–110092 |
| 23 | लक्ष्मी नगर | सिंगला स्वीट्स, मधु विहार, दिल्ली–110092 |
| 24 | लक्ष्मी नगर | फायर स्टेशन पटपड़गंज के सामने, दिल्ली–110092 |
| 25 | लक्ष्मी नगर | सबस्टेशन नंबर 5, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली–110092 |
| 26 | लक्ष्मी नगर | 66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, शकरपुर ग्रिड, कार मार्केट के निकट, दिल्ली–110092 |

| क्रमांक | डिविजन | पता |
|---|---|---|
| 27 | कड़कड़डूमा | कॉरपोरेट ऐनैक्स, सीबीडी–3, अग्रवाल फनसिटी मॉल के सामने, दिल्ली–110032 |
| 28 | कड़कड़डूमा | सबस्टेशन बिल्डिंग, सैनी एन्क्लेव, दिल्ली–110092 |
| 29 | कड़कड़डूमा | सहायता केंद्र, कस्तूरबा नगर, विवेक विहार, फेज 2, दिल्ली–110092 |
| 30 | मयूर विहार फेज़ 1 व 2 | जोनल ऑफिस, मयूर विहार फेज़ 1, दिल्ली–110091 |
| 31 | मयूर विहार फेज़ 1 व 2 | सहायता केंद्र, पॉकेट सी, मयूर विहार 2, दिल्ली–110092 |
| 32 | मयूर विहार फेज़ 3 | सबस्टेशन नंबर 7, दल्लूपुरा, सोमरविल स्कूल के पास, दिल्ली–110096 |
| 33 | मयूर विहार फेज़ 3 | सहायता केंद्र, रेयान पब्लिक स्कूल के पास, मयूर विहार फेज़ 3, दिल्ली–110096 |
| 34 | नंद नगरी | ताहिरपुर ग्रिड, राजीव गांधी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के सामने, नंद नगरी, दिल्ली–110093 |
| 35 | नंद नगरी | सी–2, नंद नगरी, पुलिस थाने के निकट, दिल्ली–110093 |
| 36 | नंद नगरी | 66 केवी घोंडा ग्रिड सबस्टेशन, ईस्ट ऑफ लोनी रोड गोल चक्कर स्थित ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के निकट, दिल्ली–110094 |
| 37 | पहाड़गंज | जेनल ऑफिस, जोन 113, चूना मंडी, पहाड़गंज, दिल्ली–110055 |
| 38 | पहाड़गंज | आरामबाग, पहाड़गंज पुलिस थाने के पीछे, दिल्ली–110055 |
| 39 | पहाड़गंज | सबस्टेशन बिल्डिंग, मोतिया खान, पहाड़गंज, दिल्ली–110055 |
| 40 | पहाड़गंज | जोनल ऑफिस, बहादुरगढ़ रोड, सदर बाजार, दिल्ली–110006 |
| 41 | पटेल नगर | जोनल ऑफिस, नीलकंठ मंदिर के निकट, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली–110008 |
| 42 | पटेल नगर | सहायता केंद्र, किकरवाला चौक, करोलबाग, दिल्ली–110055 |
| 43 | पटेल नगर | जोनल ऑफिस, रामजस स्कूल के निकट, आनंद परबत, दिल्ली–110005 |
| 44 | शंकर रोड | 33 केवी सबस्टेशन बिल्डिंग, शंकर रोड, दिल्ली–110060 |
| 45 | शंकर रोड | तिबिया कॉलेज, करोल बाग, दिल्ली–110005 |
| 46 | शंकर रोड | सबस्टेशन बिल्डिंग, शास्त्री पार्क, जेसाराम अस्पताल के निकट, करोलबाग, दिल्ली–110055 |
| 47 | यमुना विहार | सब स्टेशन बिल्डिंग, ब्लॉक सी 7, यमुना विहार, दिल्ली–110053 |
| 48 | यमुना विहार | जोनल ऑफिस, जोन 2401, सीलमपुर, थाने के निकट, दिल्ली–110053 |
| 49 | यमुना विहार | 33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, यमुना विहार, एमटीएनएल पार्क, डीटीसी डिपो के निकट, दिल्ली–110053 |
| 50 | यमुना विहार | 33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, सीलमपुर, मेन रोड पर गुरूद्वारे के निकट, दिल्ली–110053 |
| 51 | यमुना विहार | 33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, शास्त्री पार्क, दिल्ली–110032 |

*31 मार्च 2014 तक का

# बीवाईपीएल कस्टमर केयर केन्द्र

| क्रमांक | डिविजन | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | कड़कड़डूमा | कॉरपोरेट ऐनैक्स, सीबीडी–3, अग्रवाल फनसिटी मॉल के सामने, दिल्ली–110032 | 39997132 |
| 2 | कृष्णा नगर | एफ 15/2ए कृष्णा नगर, दिल्ली–110051 | 39999298 |
| 3 | लक्ष्मी नगर | सब स्टेशन बिल्डिंग, ईस्ट गुरू अंगद नगर, राधू पैलेस के निकट, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 | 39999251 |
| 4 | मयूर विहार फेज़ 1 व 2 | मयूर विहार– 1व 2, सब स्टेशन बिल्डिंग, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निकट, पॉकेट 1, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली–110091 | 39992904 |
| 5 | मयूर विहार फेज़ 3 | बीएसईएस ऑफिस, सब स्टेशन बिल्डिंग, सोमरविल स्कूल के पास, वसुंधरा, दिल्ली–110091 | 39993037 |
|  | जीटी रोड | सब स्टेशन बिल्डिंग, जीटी रोड, शाहदरा, हिंद पॉकेट बुक्स के निकट, दिल्ली–110095 | 39999271 |
| 7 | नंद नगरी | सी 102, ताहिरपुर ग्रिड, नंद नगरी, दिल्ली–110094 | 39993410 |
| 8 | करावल नगर | 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन बिल्डिंग, भागीरथी, गोकुलपुरी थाने के निकट, यमुना विहार, दिल्ली–110094 | 39993277 |
| 9 | यमुना विहार | सब स्टेशन बिल्डिंग, सी 7, यमुना विहार, दिल्ली–110053 | 39993163 |
| 10 | चांदनी चौक | चांदनी चौक सब स्टेशन बिल्डिंग, टाउन हॉल के निकट, चांदनी चौक, दिल्ली–110006 | 39999326 |
| 11 | पहाड़गंज | पहाड़गंज डिस्ट्रिक्ट ऑफिस, आराम बाग, पहाड़गंज थाने के निकट, दिल्ली–110055 | 39999363 |
| 12 | शंकर रोड | 33 केवी सब स्टेशन बिल्डिंग, शंकर रोड, नई दिल्ली–110060 | 39999340 |
| 13 | पटेल नगर | पटेल नगर सब स्टेशन बिल्डिंग, ब्लॉक 18, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली–110018 | 39994604 |
| 14 | दरियागंज | कमला मार्केट ऑफिस, आसफ अली मार्ग, दिल्ली–110001 | 39994135 |

# बीवाईपीएल ऑपरेशन व मेंटेनेंस ऑफिस

| क्रम संख्या | डिविजन/सर्कल | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| **क** | **हेड ओएंडएम बीवाईपीएल** | **बीवाईपीएल कॉरपोरेट ऑफिस, शक्तिकिरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032** | **39999089** |
| **ख** | **एवीपी ओएंडएम सेंट्रल** | **रूम नंबर–107, गांधी मार्केट, मिंटो रोड, दिल्ली–110002** | **39997363** |
| **ग** | **एवीपी ओएंडएम साउथ ईस्ट** | **बीवाईपीएल कॉरपोरेट एनेक्स, सीबीडी–3 ग्रिड, फर्स्ट फ्लोर, अग्रवाल फन सिटी मॉल के सामने, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032** | **39997101** |
| **ध** | **एवीपी ओएंडएम नॉर्थ ईस्ट** | **सबस्टेशन बिल्डिंग, जीटी रोड, शाहदरा, हिंद पॉकेट बुक्स के समीप, दिल्ली–110095** | **39999328** |
| **ङ** | **सर्कल प्रमुख साउथ ईस्ट** | **शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने, सेकेंड फ्लोर, दिल्ली–110092** | |
| 1 | कड़कड़डूमा | सब स्टेशन बिल्डिंग, बी ब्लॉक विवेक विहार, 110091 | 32019831 |
| 2 | लक्ष्मी नगर | सब स्टेशन बिल्डिंग नंबर 7, आईपी एक्सटेंशन, एवीपी पब्लिक स्कूल के पास, दिल्ली–110092 | 39992828 |
| 3 | मयूर विहार फेज़ 1 व 2 | सब स्टेशन बिल्डिंग नंबर1, सदर सीजीएचएस के सामने, मयूर विहार फेज़ 1, दिल्ली–110092 | 39993001 |
| 4 | मयूर विहार फेज़ 3 | सब स्टेशन नंबर2, वसुंधरा एन्कलेव, धर्मशिला कैंसर अस्पताल के निकट, दिल्ली–110092 | 32546242 |
| **च** | **डिविजनल प्रमुख कृष्णा नगर** | **एफ 15/2ए कृष्णा नगर, दिल्ली–110051** | |
| 5 | कृष्णा नगर | सब स्टेशन बिल्डिंग 18 ब्लॉक, गीता कॉलोनी, साईं बाबा मंदिर के सामने, दिल्ली–110031 | 32594303 |
| **छ** | **सर्कल प्रमुख नॉर्थ ईस्ट** | **33 केवी ग्रिड, जीटी रोड, दिलशाद गार्डन, रूम नंबर 113, दिल्ली–110095** | **39999328** |
| 6 | जीटी रोड | सब स्टेशन बिल्डिंग बी ब्लॉक, दिलशाद गार्डन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पीछे, दिल्ली–110095 | 32596043 |
| 7 | नंद नगरी | सब स्टेशन बिल्डिंग नंबर 2, एमआईजी डीडीए फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ लोनी रोड | 32475131 |
| 8 | करावल नगर | सब स्टेशन बिल्डिंग गोकलपुरी, करावल नगर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोकलपुरी के निकट, दिल्ली–110094 | 39993289 |
| **ज** | **डिविजनल प्रमुख यमुना विहार** | **33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, जीटी रोड, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110032** | |
| 9 | यमुना विहार | सब स्टेशन बिल्डिंग सी 6, यमुना विहार, दिल्ली–110053 | 39993253 |
| **झ** | **सर्कल प्रमुख मध्य** | **33 केवी सब स्टेशन बिल्डिंग, शंकर रोड, सनातन धर्म मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110060** | |
| 10 | पहाड़गंज | सब स्टेशन बिल्डिंग, सी ब्लॉक मोतिया खान, पहाड़गंज, दिल्ली | 32475379 |
| 11 | शंकर रोड | सब स्टेशन बिल्डिंग, फ्लैट नंबर 88 ए, डबल स्टोरी, आर ब्लॉक न्यू राजेंदर नगर, नई दिल्ली | 39994580 |
| 12 | पटेल नगर | 10 बी, राजेंद्रा पैलेस, पटेल ऑटो वर्कशॉप के निकट, पटेल नगर, नई दिल्ली–110008 | 39994701 |
| **य** | **सर्कल प्रमुख मध्य 2** | **बीएसईएस बिल्डिंग, गांधी मार्केट, जाकिर हुसैन कॉलेज के पीछे, नई दिल्ली–110002** | |
| 13 | चांदनी चौक | सब स्टेशन बिल्डिंग, पाईवालान, दरीबा कलां,चांदनी चौक, जामा मस्जिद थाने के निकट, दिल्ली–110006 | 32988861 |
| 14 | दरिया गंज | सब स्टेशन बिल्डिंग, सी ब्लॉक, मिंटो रोड हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110002 | 39994227 |

# बीवाईपीएल व्यावसायिक ऑफिस

| क्रम संख्या | डिविजन/सर्कल | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| **क** | **हेड बिजनेस बीवाईपीएल** | **बीवाईपीएल कॉरपोरेट ऑफिस, शक्तिकिरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032** | **39999468** |
| **ख** | **एवीपी बिजनेस नॉर्थ ईस्ट** | **सबस्टेशन बिल्डिंग, जीटी रोड, शाहदरा, हिंद पॉकेट बुक्स के समीप, दिल्ली–110095** | **39999330** |
| **ग** | **एवीपी बिजनेस साउथ ईस्ट** | **बीवाईपीएल कॉरपोरेट एनेक्स, सीबीडी–3 ग्रिड, फर्स्ट फ्लोर, अग्रवाल फन सिटी मॉल के सामने, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032** | **39997105** |
| **ध** | **एवीपी बिजनेस सेंट्रल** | **रूम नंबर–106, गांधी मार्केट, मिंटो रोड, दिल्ली–110002** | **39994253** |
| **ङ** | **सर्कल प्रमुख साउथ ईस्ट** | **शक्ति किरण बिल्डिंग, सेकेंड फ्लोर, कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110092** | |
| 1 | कड़कड़डूमा | शक्तिकिरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110092 | 39997137 |
| 2 | लक्ष्मी नगर | सब स्टेशन बिल्डिंग, ईस्ट गुरू अंगद नगर, राधू पैलेस के निकट, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 | 39999256 |
| 3 | मयूर विहार फेज़ 1 व 2 | मयूर विहार–1व 2, सब स्टेशन बिल्डिंग, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निकट, पॉकेट 1, मयूर विहार फेज़–1 | 39992901 |
| 4 | मयूर विहार फेज़ 3 | बीएसईएस ऑफिस, सब स्टेशन बिल्डिंग, सोमरविल स्कूल के पास, वसुंधरा, दिल्ली–110091 | 39993029 |
| **च** | **डिविजनल प्रमुख कृष्णा नगर** | **एफ 15/2ए कृष्णा नगर, दिल्ली–110051** | |
| 5 | कृष्णा नगर | एफ 15/2ए कृष्णा नगर, दिल्ली–110051 | 39999296 |
| **छ** | **सर्कल प्रमुख नॉर्थ ईस्ट** | **33 केवी ग्रिड, जीटी रोड, दिलशाद गार्डन, हिंद पॉकेट बुक्स के निकट, दिल्ली–110095** | |
| 6 | जीटी रोड | सब स्टेशन बिल्डिंग, जीटी रोड, शाहदरा, हिंद पॉकेट बुक्स के निकट, दिल्ली–110095 | 39999272 |
| 7 | नंद नगरी | सी 102, ताहिरपुर ग्रिड, नंद नगरी, दिल्ली–110094 | 39993403 |
| 8 | करावल नगर | 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन बिल्डिंग, भागीरथी, गोकुलपुरी थाने के निकट, यमुना विहार, दिल्ली | 39993290 |
| **ज** | **डिविजनल प्रमुख यमुना विहार** | **33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, जीटी रोड, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110032** | |
| 9 | यमुना विहार | सब स्टेशन बिल्डिंग, सी 7, यमुना विहार, दिल्ली–110053 | 39993152 |
| **झ** | **सर्कल प्रमुख मध्य** | **33 केवी सब स्टेशन बिल्डिंग, शंकर रोड, सनातन धर्म मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110060** | |
| 10 | पहाड़गंज | पहाड़गंज डिस्ट्रिक्ट ऑफिस, आराम बाग, पहाड़गंज थाने के निकट, दिल्ली–110055 | 39999362 |
| 11 | शंकर रोड | 33 केवी सब स्टेशन बिल्डिंग, शंकर रोड, नई दिल्ली–110060 | 39999338 |
| 12 | पटेल नगर | पटेल नगर सब स्टेशन बिल्डिंग, ब्लॉक 18, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली–110018 | 39994601 |
| **ट** | **सर्कल प्रमुख मध्य 2** | **बीएसईएस बिल्डिंग, गांधी मार्केट, जाकिर हुसैन कॉलेज के पीछे, नई दिल्ली–110002** | |
| 13 | चांदनी चौक | चांदनी चौक सब स्टेशन बिल्डिंग, टाउन हॉल के निकट, चांदनी चौक, दिल्ली–110006 | 39999316 |
| 14 | दरियागंज | कमला मार्केट ऑफिस, आसफ अली मार्ग, दिल्ली–110001 | 39994129 |

# BSES

# बिजली चोरी रोको: बिजली बचाओ




बिजली कानून की धाराओं 126, 135, 136, 138 और 150 के तहत, बिजली चोरी यानी तारों पर कटिया डालकर बिजली चोरी करना, मीटर के साथ छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करना – डीएई, बिजली चोरी में किसी का सहयोग करना या बिजली कंपनी के किसी उपकरण की चोरी करना एक जुर्म है। इसके लिए भारी जुर्माना, या तीन साल तक जेल की सजा या दोनों हो सकते हैं। बिजली चोरी करने वालों की संपत्ति की कुर्की भी हो सकती है।



**2002 से 2013 के बीच बीएसईएस ने**

- बिजली चोरी के 2.5 लाख से अधिक मामले पकड़े।
- करीब 18 लाख किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी।
- करीब 1450 लोगों को बिजली चोरी में जेल भेजा गया।

आओ, दिल्ली को बिजली चोरी से मुक्त शहर बनाएं!

**बिजली चोरी रोकें – 399 99 808 (बीवाईपीएल) / 399 99 707 (बीआरपीएल) पर फोन करके हमें सूचित करें**

# उपभोक्ता शिकायत प्रबंध

**किसी तरह के पूछताछ/शिकायत के लिए कृपया आप हमें निम्नवत् विकल्पों के जरिए संपर्क कर सकते है:**

- 24 घंटे कार्यरत कॉल सेंटर नंबर 011 – 3999 9808
- कस्ट्मर केयर सेंटर समय (सुबह 9:15 बजे से अपराह्न 3:15 बजे)
- bypl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करें
- www.bsesdelhi.com

## शिकायतों के लिए यहां भी संपर्क करें:

### लेवल 1

1. अगर आप अपने पूछताछ/शिकायत के निवारण से सतुंष्ट नहीं हैं तो आप निम्नवत बीवाईपीएल अधिकारियों से संपर्क कर सकते है:
   - कस्ट्मर केयर ऑफिसर (सुबह 9:15 बजे से अपराह्न 3:15 बजे)
   - बिजनसे मैनेजर (किसी भी कार्यदिवस के दिन सबुह 10 बजे से 11 बजे तक)
   - सर्कल हेड (पूर्व निश्चित समय लेकर)

### लेवल 2

**हेड ऑफिस:**

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड,

शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा,
दिल्ली 110032

ईमेल: bypl.customercare@relianceada.com

### लेवल 3

**कंज्यूमर ग्रिवांस रिड्रेसल फोरम (सीजीआरएफ) :**

यदि आप अपनी शिकायत पर सेवा प्रदाता के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं तो आप सीजीआरएफ–बीवाईपीएल, सब स्टेशन बिल्डिंग, शक्ति किरण बिल्डिंग, नियर कड़कड़डूमा कोर्ट, कड़कड़डूमा दिल्ली – 110032, टेलीफोन नं. 011 – 32978140, 32978141, इर्मल cgrfbypl@hotmail.com में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं

### लेवल 4

**इलैक्ट्रिसिटी ऑम्बड्समैन:**

सीजीआरएफ के आदेश के खिलाफ अपील इलैक्ट्रिसिटी ऑम्बड्समैन, बी–53,पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057, टेलीफोन 011–32506011 में दायर कर सकते हैं।

## स्पेशल कोर्ट्स

**बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड**

1. कड़कड़डूमा स्पेशल कोर्ट
   कोर्ट रूम संख्या 5, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर, दिल्ली– 110032
2. तीस हजारी स्पेशल कोर्ट
   कोर्ट रूम संख्या 21, तीसहजारी कोर्ट परिसर, दिल्ली– 110054

# बिल भुगतान के विकल्प



ऑटो डेबिट भुगतान ईसीएस




स्वचालित कियॉस्क्स



फोन के माध्यम से भुगतान



पोस्ट से चेक भेजकर




नेट बैंकिंग भुगतान




इट्ज कार्ड भुगतान



मोबाइल कैश वैन्स




स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स

Jeevan Counter




बिल भुगतान केंद्र

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस विभाग
शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 द्वारा जारी



ग्रीनटेक टेक्निकल ऐक्सिलेंस एचआर अवॉर्ड 2013




इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट अवॉर्ड इनोवेशन ट्रेनिंग प्रैक्टिसेज 2011–12



गोल्ड अवॉर्ड चैप्टर कॉन्वेंशन क्वॉलिटी सर्कल अवॉर्ड 2012



ग्रीनटेक सेफ्टी अवॉर्ड 2011, 2012, 2013



इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया अवॉर्ड कॉस्ट मैनेजमेंट 2010



इंडिया पावर अवॉर्ड 2009, 2010, 2011, 2012



इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया पावर अवॉर्ड 2012, 2013



नैशनल सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड 2010, 2011, 2013



ग्रीनटेक एन्वायरमेंट अवॉर्ड 2013




एडिसन अवॉर्ड, एडिसन इलेक्ट्रिक इंस्टिट्यूट, यूएसए 2013



स्टीवी अवॉर्ड, यूएसए 2013




ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल सेफ्टी अवॉर्ड 2011, 2013